www.amritvichar.com
# अमृत विचार
बरेली महानगर
बरेली , रविवार,19 अप्रैल 2026

## अबूझ मुहूर्त



अक्षय तृतीया पर सोना खरीदने और पूजा का सबसे शुभ मुहूर्त सुबह 10 :49 बजे से शुरू होकर 20 अप्रैल की सुबह 05 :51 तक रहेगा। यह ' 'अबूझ मुहूर्त' ' माना जाता है, इसलिए पूरा दिन ही खरीदारी के लिए शुभ है।


## बरेली के प्रमुख समाचार

- जमीनी रंजिश में किसान की गोली मारकर हत्या-II
- नोटिस तो ठीक पर ये भी बताएं टूटेगा कितना हिस्सा-III
- हस्ताक्षर अभियान से महिला शक्ति का संदेश-IV





## सिटी ब्रीफ

### टैंकर से गैस रिसाव मची अफरा-तफरी

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट में अक्षर विहार के पास शनिवार शाम साढ़े सात बजे उस वक्त हड़कंप मच गया, जब सड़क से गुजर रहे एचपीसीएल के एक टैंकर से अचानक गैस का रिसाव होने लगा। इस रिसाव के कारण आसपास के इलाके में कुछ देर के लिए खलबली मच गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। गनीमत रही कि टैंकर के तकनीकी अमले ने मुस्तैदी दिखाते हुए मात्र 15 मिनट के भीतर ही लीकेज की समस्या को पूरी तरह दुरुस्त कर लिया।

### लव जेहाद के आरोप पर हंगामा, युवक पकड़ा

**बरेली, अमृत विचार :** गांधी उद्यान में लव जिहाद के आरोप को लेकर हंगामे की स्थिति बन गई। हिंदू संगठनों की सूचना पर पुलिस ने मौके से एक युवक को हिरासत में लिया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि गैर समुदाय के युवक ने हिन्दू समाज की बेटी को फंसाया था। जानकारी की तो उसने भागने की कोशिश की। पता होते ही पुलिस पहुंच गई और युवक को कोतवाली ले गई। रात तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी।

### हरियाणा की युवती बोली, नहीं किया निकाह

**बरेली, अमृत विचार :** हिन्दू संगठन हरियाणा की रहने वाली एक युवती को लेकर लव जिहाद की बात कह रहे थे मगर उसने वीडियो जारी कर स्वेच्छा से बरेली आने और निकाह नहीं करने की बात कही है। मामला फतेहगंज पूर्वी जुड़ा बताया गया है। हिन्दूवादी संगठनों का कहना है कि युवती के घरवालों ने संपर्क कर उसके गायब होने और पहले से शादीशुदा युवक से निकाह करने की सूचना दी थी। मामला सोशल मीडिया पर गूंजा तो युवती ने वीडियो जारी कर कहा कि परिवार उसकी शादी अधेड़ से कराना चाहते थे, इसलिए घर छोड़कर बरेली आ गई। हरियाणा में पूर्वी का रहने वाला युवक पार्लर में काम करता था। जिसकी वजह से परिचय था। युवती ने कहा कि उसे परेशान किया गया तो वह भी केस करेगी। हरियाणा पुलिस फतेहगंज पूर्वी पहुंची मगर आरोपी हाथ नहीं आया।

### सस्ता सोना दिलाने के नाम पर 2.50 ठगे

**बरेली, अमृत विचार :** साइबर ठगों ने सस्ता सोना दिलाने के नाम पर महिला से 2.50 लाख रुपये ठग लिए। 10 बार में खाते में रुपये डलवाए थे। बारादरी थाना क्षेत्र के फाइक एंक्लेव निवासी बुशरा ने बताया कि पिछले माह साइबर ठगों ने ऑनलाइन शापिंग के नाम पर सस्ता सोना (गोल्ड) देने का झांसा देकर 2.50 लाख रुपये की ठगी कर ली। एसएसपी के आदेश पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# तपिश : सबसे गर्म शनिवार...पारा पहुंचा 40 के पार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** लगातार बढ़ती गर्माहट के बीच शनिवार का दिन गर्मियों के इस सीजन में अभी तक का सबसे गर्म दिन रिकार्ड किया गया। दिन भर खिली रहने वाली तेज धूप के बीच अधिकतम तापमान 40 डिग्री पार कर गया। जो, सामान्य से तीन डिग्री अधिक दर्ज किया गया। तेज धूप के कारण लोगों को झुलसने वाली गर्मी का सामना करना पड़ा। आने वाले दिनों में तापमान 43 डिग्री तक पहुंच जाने की संभावना है।

शनिवार को अधिकतम तापमान 40.3 डिग्री दर्ज किया गया। सुबह करीब 11 बजे से ही सूरज के तेवर तल्ख रहे और दोपहर होते-होते लोग चेहरे को ढककर और छांव तलाशते हुए नजर आए। शनिवार को न्यूनतम तापमान भी 22.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जिससे साफ है कि अब रातों की ठंडक भी धीरे-धीरे कम होने लगी है। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार ने बताया कि फिलहाल राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। अगले सात दिनों तक आसमान पूरी तरह साफ रहेगा, जिससे सूरज की किरणें सीधे धरती को तपाएंगी।



- न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री अगले सात दिनों तक राहत के आसार नहीं
- मौसम वैज्ञानिक बोले-43 डिग्री जा सकता है पारा, लू से बचने को बरतें सावधानी

### ट्रिपिंग व लोकल फॉल्ट से घंटों गुल रही बिजली

**बरेली, अमृत विचार :** ट्रिपिंग व लोकल फाल्ट के चलते शहर के कई इलाकों में कई घंटे बिजली गुल रही। भीषण गर्मी के बीच उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। शनिवार को सबसे अधिक ट्रिपिंग की समस्या सीबीगंज, लोहिया विहार, जगतपुर, नवादा शेखान, कटरा चांद खां, आजाद नगर, राज नगर, किला, गुलाब नगर, फुटा दरवाजा, डेलापीर, डीडीपुरम, आईवीआरआई रोड, इज्जतनगर, हरुनगला, सनसिटी, महानगर, पवन विहार के क्षेत्रों में हुई। सुभाष नगर समेत कई मोहल्लों में लोकल फॉल्ट के कारण कई घंटे बिजली बाधित रही। सुभाषनगर उपकेंद्र के होली चौक, सर्वोदयनगर एरिया में लोकल फॉल्ट से बिजली गुल रही। मिशन सबस्टेशन के चौपुला चौराहे, किला सबस्टेशन के बाकरगंज, खन्नू मोहल्ला, बड़ा बाजार, समेत अन्य जगह बिजली कटौती हुई।

### मुख्य अभियंता के चेतावनी के बाद भी जिम्मेदारों का नहीं उठ रहा फोन

**बरेली, अमृत विचार :** शहर की बिजली व्यवस्था शुरुआती गर्मी में ही चौपट हो गई है। वर्टिकल व्यवस्था लागू करने के बाद उपभोक्ताओं की सहूलियत के लिए हेल्प डेस्क के साथ ही सोशल मीडिया में व्हाट्स एप ग्रुप भी बनाए गए थे। हेल्पडेस्क, कंट्रोल रूम व सोशल मीडिया में शिकायत के बावजूद नहीं हो रही सुनवाई, जेई, एसडीओ के फोन नहीं उठने से आक्रोश और बढ़ रहा है। जबकि, मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने सभी को चेतावनी दी है कि सभी की समस्याओं को सुनते हुए फौरन समस्याओं का निराकरण किया जाए। शनिवार छोटी बमनपुर, जीजीआईसी में दोपहर में बिजली कटौती हुई। वहीं किला फीडर में भी बिजली की कटौती बार बार होती रही। बिहारीपुर में पांच घंटे से अधिक बिजली गुल रही। सेक्टर नौ में केबल बॉक्स जलने के कारण बिजली संकट लोगों को झेलना पड़ा। इसी प्रकार शहर के सीबीगंज, लोहिया विहार, इज्जतनगर, स्लीपर रोड, परसाखेड़ा, पुराना शहर, शाहदाना, हरुनगला, डेलापीर समेत कई उपकेंद्रों के फीडरों पर ट्रिपिंग व लोकल फॉल्ट के कारण बिजली कटौती हुई।

# भीषण गर्मी के बीच राजेंद्र नगर में पानी को तरसे लोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- महिलाओं ने पानी की सप्लाई ठप होने पर घेरा पार्षद का आवास
- पार्षद शशि सक्सेना ने जलकल विभाग पर लगाए गंभीर आरोप

**अमृत विचार :** पारा चढ़ते ही शहर के पॉश इलाकों में पेयजल की किल्लत सामने आने लगी है। राजेंद्र नगर के वार्ड 67 स्थित ई-ब्लॉक में पिछले चार-पांच दिनों से पेयजल सप्लाई ठप है। इससे आक्रोशित महिलाओं ने शनिवार को पार्षद शशि सक्सेना के घर का घेराव कर नारेबाजी की।

ममता देवी, मुन्नी देवी, सोनम और मीनाक्षी ने कहा कि एक तरफ शहर को स्मार्ट बनाने के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है। प्यास बुझाने के लिए पानी ढोना पड़ रहा है, जो इस तपिश में किसी सजा से कम नहीं है। पेयजल संकट से जूझ रहे लोगों का आरोप है कि नगर निगम के जलकल विभाग की लापरवाही के कारण सैकड़ों परिवार परेशान हैं। पार्षद शशि सक्सेना ने बताया कि विभाग में कई बार गुहार लगाई जा चुकी है। अधिकारियों ने पहले ट्यूबवेल खराब होने का बहाना बनाया, लेकिन उसके ठीक होने के बावजूद ई-ब्लॉक की पाइपलाइनों में पानी का प्रेशर नहीं पहुंच पा रहा है।

पार्षद ने महिलाओं को आश्वासन दिया है कि वे उच्चाधिकारियों से वार्ता कर जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल कराएंगी। फिलहाल, भीषण गर्मी और जल संकट ने राजेंद्र नगर की जनता को बेहाल कर दिया है। क्षेत्रवासियों ने जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

# जमीनी रंजिश में किसान की गोली मारकर हत्या

## हमलावरों ने बरसाईं गोलियां, गुस्साई भीड़ ने घंटों नहीं उठने दिया शव

संवाददाता, बरेली/ भमोरा

**अमृत विचार :** जमीनी रंजिश को लेकर भमोरा क्षेत्र में किसान की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई। फायरिंग मृतक के भाई सहित दो लोग घायल हो गए। आक्रोशित लोगों ने कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया और घंटों शव मौके से नहीं उठाने दिया। पुलिस ने हत्याकांड को लेकर 7 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। हत्यारोपियों की तलाश जारी है।



मृतक कल्याण।

पुलिस के अनुसार, भीकमपुर गांव निवासी कल्याण उर्फ कल्लू (48) सुबह खेत पर गए थे। पहले से घात लगाए हमलावरों ने कल्लू पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। सीने और पेट में गोली लगने से उनकी मौके ही पर मौत हो गई। बचाने की कोशिश में मृतक का भाई धर्मपाल हमले में घायल हो गया। किसी तरह उसने गांव पहुंचकर घटना की जानकारी दी। जब तक परिवार और गांव के लोग मौके पर पहुंचे, हमलावर फरार हो चुके थे। गोलीकांड की सूचना पर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अंशिका वर्मा, सीओ आंवला नितिन कुमार फॉरेंसिक टीम ओर पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए। लोगों ने मुश्किल से शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने दिया। फायरिंग में आरोपी पक्ष का भी एक व्यक्ति घायल है। अफसरों ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा देकर लोगों को शांत किया।



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस व जुटी भीड़। ● अमृत विचार

- सात लोगों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**दो साल से चली आ रही थी रंजिश**

परिजनों का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच पिछले दो वर्षों से विवाद चल रहा था। एक वर्ष पूर्व डु बाजार में मृतक के भाई धर्मपाल के साथ आरोपियों ने मारपीट की थी, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था। पुलिस ने उस मामले में कार्रवाई तो की, लेकिन किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई, जिससे आक्रोश बना हुआ था। पांच दिन पूर्व भी दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। इस बार भी शिकायत को पुलिस ने गंभीरता से नहीं लिया और हत्या हो गई। घटना में घायल के साथ उसका भाई नरवीर उर्फ बाबू थाने पहुंचा तो पुलिस ने उसे बैठा लिया। बाद में घायल को अस्पताल भेजा गया।

### प्रवर्तन दल के प्रभारी व संयुक्त नगर आयुक्त आए आमने-सामने

**बरेली, अमृत विचार :** सीएम पोर्टल पर हुई एक शिकायत ने नगर निगम में दो अधिकारियों को आमने-सामने खड़ा कर दिया। दरअसल, अतिक्रमण अभियान के दौरान वसूली की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संयुक्त नगर आयुक्त मयंक यादव ने प्रवर्तन दल के प्रभारी रिटायर्ड कर्नल सीबी जोशी को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया। इस पर कर्नल जोशी की संयुक्त नगर आयुक्त से फोन पर बहस हुई। इसके बाद वह सीधे मयंक यादव के दफ्तर पहुंच गए। अपने अधिकार क्षेत्र और गरिमा का हवाला देते हुए नोटिस पर कड़ा एतराज जताया।

उन्होंने दो टूक कहा कि मैं भले ही आज आउटसोर्सिंग कर्मचारी हूं, लेकिन भारतीय सेना का क्लास-वन अफसर रहा हूं। मुझे प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया ने कमीशन दिया है। उन्होंने मयंक यादव के अधिकार क्षेत्र को चुनौती देते हुए साफ कहा कि वह केवल नगर आयुक्त के प्रति जवाबदेह हैं। उनको नोटिस जारी करने का कोई संवैधानिक या प्रशासनिक अधिकार नहीं है। मयंक यादव कहा कि नगर आयुक्त के निर्देश पर ही नोटिस जारी किया था, लेकिन, जोशी ने स्पष्ट किया कि भविष्य में ऐसे नोटिस नहीं आने चाहिए।

# प्यार में धर्मांतरण कर चुके युवक ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- युवती से लव मैरिज को लेकर विनय से इमरान बना था, पत्नी से विवाद में उठाया आत्मघाती कदम

**अमृत विचार:** थाना कैंट क्षेत्र में धर्मांतरण कर इस्लाम ग्रहण करने वाले युवक ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। मूल रूप से रामपुर के रहने वाला विनय युवती के प्यार में इमरान बन गया था। आपस में विवाद के चलते पत्नी मायके चली गई तो पीछे उसने फांसी लगाकर जान दे दी।



विनय उर्फ इमरान।

पुलिस के अनुसार, सुसाइड करने वाला इमरान उर्फ विनय रामपुर जिले में थाना बिलासपुर क्षेत्र के शिवपुरी मोहल्ले का रहने वाला था। कई साल से वह बरेली में रह रहा था। पांच बरस पहले वह काम-धंधे की तलाश में रामपुर से शहर आया था। यहां उसके संपर्क में दूसरे समुदाय की मुस्कान संपर्क में आ गई। उनकी मुलाकातें जल्दी ही प्यार में बदल गईं और उन्होंने जिंदगी साथ निभाने का फैसला कर लिया था। रिश्ते में धर्म आड़े आया तो विनय ने युवती के प्यार में इस्लाम अपना लिया था। इसके बाद उसका युवती से निकाह हो गया था। वह पत्नी के साथ मोहनपुर ठिरिया में रह रहा था।

उनके दो बेटियां है। परिजनों ने बताया कि इमरान की सास ने कुछ समय पहले उसे ई-रिक्शा दिलवाया था। उसे चलाकर गुजारा कर रहा था। गुरुवार को विनय और मुस्कान में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई थी। इसके बाद शुक्रवार को काम पर चला आया। रात में उसने फांसी लगा ली। मकान मालिक की सूचना पर पुलिस पहुंच गई और शव पोस्टमार्टम को भिजवाया। इंस्पेक्टर कैंट संजय धीर ने बताया कि पत्नी से कहासुनी युवक ने आत्मघाती कदम उठा लिया। वह पत्नी के मायके जाने से परेशान था।

### रात में पिता व सास से मांगी थी माफी

विनय ने रात पिता विजय प्रजापति को फोन कर माफी भी मांगी थी। कहा था कि उससे बहुत गलतियां हुई हैं। इसके बाद उसने सास उरेशा से भी फोन पर बात की थी लेकिन कोई उसके इरादे समझ नहीं सका। सुबह उसकी मौत की खबर मिली।

### किला में प्रेमी से शादी न होने पर छात्रा ने की आत्महत्या

**बरेली, अमृत विचार:** किला छावनी क्षेत्र के फूलबाग मोहल्ले में एक छात्रा द्वारा आत्महत्या किए जाने से हड़कंप मच गया। 20 वर्षीय युवती ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों के मुताबिक, सुसाइड नोट में युक्ति ने पड़ोसी युवक अजय के साथ पिछले चार वर्षों से प्रेम संबंध होने की बात लिखी है। उसने युवक पर शादी का वादा पूरा न करने का आरोप लगाया है और उसे इस कदम के लिए जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अजय को गिरफ्तार कर लिया है।

### दलित परिवार पर हमला, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के अदलखिया गांव में दबंगई का मामला सामने आया है। हमलावरों ने दलित परिवार के साथ मारपीट, अभद्रता और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित धूप सिंह ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को बुजुर्ग मां बाहर कूड़ा डालकर लौट रही थीं, तभी आरोपी विकास ने ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया। विरोध पर जातिसूचक अपमानित किया,। आरोपी के पिता पिता से शिकायत की तो सबने मिलकर हमला कर दिया। पत्नी नीरज को घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# एआई से अश्लील फोटो बनाकर ब्लैकमेल, एसिड अटैक की धमकी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**अमृत विचार :** एआई तकनीक के दुरुपयोग का गंभीर मामला सामने आया है। युवती ने पड़ोसी युवक और उसके साथियों पर फर्जी अश्लील फोटो बनाकर ब्लैकमेल करने और तेजाब फेंकने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

मोहल्ला सूफी टोला खदना निवासी पीड़िता की मां ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनकी पुत्री की करीब 13 वर्ष पहले पास के कैफी पुत्र अनीस मियां से जान-पहचान थी। आरोप है कि कैफी ने मोबाइल पर अश्लील संदेश भेजने शुरू कर दिए और विरोध करने पर कॉलेज आते-जाते समय छेड़छाड़ करने लगा। शिकायत करने पर आरोपी पक्ष ने उल्टा युवती को ही बदनाम करना शुरू कर दिया।

पीड़िता का आरोप है कि कुछ समय बाद कैफी अपने साथियों के साथ तेजाब की बोतल लेकर घर पहुंचा और धमकी दी कि अगर उसकी बात नहीं मानी तो चेहरा बिगाड़ देगा। घटना के बाद परिवार ने युवती का रिश्ता बदायूं में तय किया, लेकिन आरोप है कि कैफी और उसके साथियों ने साजिश के तहत ससुराल पक्ष की जानकारी हासिल कर ली।

इसके बाद कैफी और उसकी पत्नी ने कथित तौर पर युवती को एआई से तैयार अश्लील फोटो दिखाकर पांच लाख रुपये की मांग की। रुपये न देने पर फोटो वायरल करने की धमकी दी गई। आरोप है कि आरोपियों ने युवती का चेहरा लगाकर फर्जी अश्लील फोटो तैयार कर ससुराल पक्ष को भेज दिए, जिससे रिश्ता टूट गया।

पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने फोटो वायरल कर दिए, जिससे वह गहरे मानसिक आघात में है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है और लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। एसएसपी के आदेश पर बारादरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# परसाखेड़ा की पेंट फैक्ट्री में अग्निकांड, घंटों जूझीं दमकलें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक पेंट फैक्ट्री में शनिवार भीषण अग्निकांड से हड़कंप मच गया। आग इतनी विकराल थी कि फायर बिग्रेड के साथ बीएल एग्रो के दस्ते मौके पर घंटे जूझते रहे। आसपास आग का काले धुएं का गुबार छा गया। अफरातफरी के हालात बने रहे। आग फैलने की आशंका से आसपास की फैक्ट्रियों को भी रेस्क्यू के लिए तैयार करना पड़ा। आग में बड़ी क्षति का अनुमान है, हालांकि जनहानि बच गई।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइंस निवासी अंकुर अग्रवाल की रोड नंबर एक पर 'अंकुर पेंट्स' के नाम से फैक्ट्री है। शनिवार सुबह करीब 10:50 बजे फैक्ट्री के इलेक्ट्रिक रूम में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग प्लांट तक पहुंच गई और पूरे परिसर में फैल गई। हादसे के पता होते ही औद्योगिक क्षेत्र में स्थित बीएल एग्रो फैक्ट्री की फायर सेफ्टी टीम तुरंत मौके पर पहुंची। अग्नि सुरक्षा प्रबंधक जयनारायण के नेतृत्व में टीम के सदस्यों शोभित कुमार, प्रमोद कुमार, प्रवीण कुमार, हिमांशु, कर्मवीर, कृष्ण यादव, मनीष शर्मा, विशाल और देवेश ने फायर ब्रिगेड के साथ मिलकर करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

सूचना पर थाना सीबीगंज पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और स्थिति को नियंत्रित किया। इस हादसे में तैयार पेंट और प्लांट की मशीनें जलकर नष्ट हो गईं। नुकसान का सही आकलन अभी नहीं हो सका है, लेकिन लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। इंस्पेक्टर सीबीगंज प्रदीप कुमार चतुर्वेदी का कहना है कि आग लगने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। दमकल की टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। नुकसान का आंकलन फायर बिग्रेड की टीमें कर रही हैं। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया।



पेंट फैक्ट्री में आग को बुझाने का प्रयास करती फायर बिग्रेड की टीम।

- कारखाने में आग से इलाके पर छाया काला गुबार, फैली दहशत
- फायर बिग्रेड के साथ आग बुझाने में जुटे रहे बीएलए एग्रो के दस्ते भी

### फैक्ट्री में नहीं थे पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम

जांच में सामने आया कि फैक्ट्री में फायर सेफ्टी के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। अंदर-बाहर आने-जाने के लिए केवल एक ही रास्ता था, जिससे हादसे की स्थिति में बड़ा खतरा हो सकता था।

### एएफएफ फोम से बुझाई गई आग

आग पर काबू पाने के लिए बीएल एग्रो कंपनी की फायर टीम ने एक्वस फिल्म फॉर्मिंग फोम का इस्तेमाल किया। यह पानी आधारित विशेष फोम होता है, जिसका उपयोग ज्वलनशील तरल पदार्थों में लगी आग बुझाने के लिए किया जाता है। इसके इस्तेमाल से आग पर तेजी से नियंत्रण पाया जा सका।

> आग की सूचना पर दमकल की दो गाड़िया मौके पर गई थी। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। –**मनु शर्मा**, सीएफओ

# साइबर ठगों का चाइनीज कनेक्शन, डॉक्टर सहित 5 गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** साइबर ठगों के बड़े गिरोह का बरेली पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। छापेमारी कर 5 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें एक डाक्टर भी शामिल है। चौका देने बाली बात ये है कि गैंग गा चाइनीज कनेक्शन भी सामने आया है। नेटवर्क के सदस्य व्हाट्सएप के जरिए देशभर में लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे।

सीओ शिवम आशुतोष ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि साइबर यूनिट ने गैंग के बारे में अहम सूचनाएं जुटाईंऔर उसके बाद कार्रवाई की गई। कृष्णा कॉलोनी रोड पर खड़ी संदिग्ध कार को पकड़ा गया और उसमें सवार पांच लोगों को हिरासत में लिया गया। उनकी पहचान शाकिब अली, राजकुमार, आशीष सिंह, डॉक्टर सचेंद्र कुमार और बबलू उर्फ माधोराम के रूप में हुई। पूछताछ में पता चला की पकड़े गए क्रिमिनल साइबर ठग रैकेट से जुड़े हैं। उनके पास से लेपटॉप मिला, जिसमें कई खातों में करोड़ों के ट्रांजिक्शन का खुलासा हुआ है। पुलिस को मिली सूचनाओं के बाद गिरोह से जुड़े और भी अपराधियों की गिरफतारी की जा सकती है। गिरोह का सरगना सुमित है, जो लखनऊ में रहकर पूरे नेटवर्क को संचालित करता है।



जानकारी देते पुलिस अफसर व हिरासत में आरोपी। ● अमृत विचार

- पुलिस की धरपकड़ के दौरान सरगना अमित फरार

### मास्टरमाइंड निकला होम्योपैथिक डॉक्टर सचेन्द्र

गिरोह से पूछताछ में अपराधी नेटवर्क का मास्टर माइंड होम्योपैथिक डॉक्टर सचेन्द्र कुमार निकला है। देशभर में की गई साइबर ठगी की रकम पहले उसके खाते में जमा कराई जाती थी। फिर दूसरे खातों में पैसा भेज दिया जाता था। नेटवर्क संचालित करने के लिए एसआर संस एंड ग्रुप्स नाम से ट्रस्ट भी बनाया गया था, जिससे खातों पर बैंकों की नजर नहीं रहती थी। गिरोह के सदस्य शाकिब अली ने साइबर ठगी तिहाड़ जेल में बंद अपराधियों से सीखे थे। बाहर आने के बाद उसने सुमित, सचेंद्र और बबलू के साथ मिलकर गिरोह खड़ा किया। डॉक्टर सचेंद्र 15 प्रतिशत हिस्सा अपने पास रखता था, जबकि शेष रकम सरगना सुमित के पास जाती थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से लैपटॉप, मोबाइल फोन, चेकबुक, डेबिट कार्ड, आधार और पैन कार्ड की प्रतियां, ट्रस्ट के दस्तावेज के साथ ही अवैध तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं। हालांकि कैश बहुत कम मिला है। पुलिस ने बताया कि ट्रस्ट के नाम पर 22 बैंक खाते खुलवाए गए थे, जिनके जरिए देशभर में ठगी की रकम का लेनदेन किया जाता था। इन खातों को लेकर एनसीआरपी पोर्टल पर 524 शिकायतें दर्ज हैं। केवल ट्रेडिंग धोखाधड़ी के जरिए ही करीब 1.55 करोड़ रुपये की ठगी की गई है।

सीओ हाईवे शिवम आशुतोष ने बताया कि फरार चल रहे सुमित पर जानकारियां है कि वह चाइना में कहां पैसा भेजता था। उसकी गिरफ्तारी के लिए भी टीमें लगाई गई है। पकड़े जाने पर कई राज खुलेंगे।

### चरस तस्करी के आरोपी ने कबूला जुर्म, तीन माह 11 दिन की कैद

**विधि संवाददाता, बरेली :** 16 वर्ष पूर्व चरस तस्करी के आरोपी थाना बहेड़ी के गुरसौली निवासी लालता प्रसाद ने अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय प्रथम राघवेन्द्र मणि की अदालत में जुर्म कबूल कर लिया। अदालत ने 3 माह 11 दिन की सजा व 4 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। जुर्माना अदा न करने पर 15 दिन अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सरकारी वकील संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि कोतवाली थाना पुलिस ने गश्त के दौरान 23 फरवरी 2010 को चौकी चौराहा स्थित रेस्टोरेंट के सामने से लालता प्रसाद को 530 ग्राम चरस के साथ पकड़ा था।

# लूट व गोवध करने वालों पर कसें शिकंजा : कप्तान

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। गूगल मीट के जरिए हुई हाईलेवल समीक्षा बैठक में एसएसपी ने साफ संदेश दिया कि अपराध पर जीरो टॉलरेंस रहेगा, जनसुनवाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने गूगल मीट के माध्यम से सभी पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ व्यापक समीक्षा बैठक की। लूट, छिनैती, गोवध, हत्या व गैंगस्टर एक्ट से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### अपराधियों के खिलाफ कड़ा एक्शन जारी

गोवध से जुड़े मामलों में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वहीं गैंगस्टर एक्ट के तहत चल रही कार्रवाई की समीक्षा करते हुए अभियोगों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। वहीं आत्महत्या के मामलों को लेकर एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि हर प्रकरण की गहराई से जांच की जाए और जरूरी विधिक कार्रवाई की जाए।

## सिटी ब्रीफ

### पोट्रेट बनाकर दी आशा भोसले को श्रद्धांजलि



बरेली, अमृत विचार : राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त चित्रकार डॉ. महेंद्र कुमार सक्सेना के नेतृत्व में शनिवार को शास्त्री नगर में विश्व कला दिवस मनाया गया। जिसमें संगीतकार आशा भोसले का पोट्रेट बनाकर श्रद्धांजलि दी गई। कुमार पारस ने आशा भोसले के जीवन पर प्रकाश डाला। डॉ. महेंद्र कुमार सक्सेना, चित्रकार श्रेया सक्सेना, शिव कुमार मौर्य, सर्वेश कुमार आदि ने आशा भोसले को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचीं 29 शिकायतें

बरेली, अमृत विचार : सदर तहसील के सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 29 शिकायतें पहुंचीं। एडीएम सिटी सौरभ दुबे और एसडीएम सदर प्रमोद कुमार ने शिकायतें सुनने के बाद अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। सुभाष नगर की हेमा ने स्मार्ट मीटर की शिकायत कर कहा कि बिल जमा करने में एक दिन की चूक होने पर बिजली बंद करने से दिक्कत हो रही है। इज्जत नगर के रामकुमार ने अवैध कब्जे की शिकायत की। बिथरी चैनपुर के जमा खां ने अधिकारियों को बताया कि उनकी वृद्धावस्था पेंशन बिना किसी कारण के रोक दी गई।

### संगठन की मजबूती व कई मुद्दों पर की चर्चा

बरेली, अमृत विचार : सिंचाई विभाग ड्राइंग स्टाफ एसोसिएशन की मण्डल समीक्षा बैठक शनिवार को प्रांतीय अध्यक्ष अमरजीत मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। इसमें संगठन की मजबूती और विभागीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। महासचिव अभय शुक्ला, प्रांतीय संयुक्त सचिव अशोक कुमार, जनपद सचिव हरिकान्त, विशाल गौड़, धीरेन्द्र सिंह, अनीस अहमद, अनिल मिश्रा, मुनेश्वर राम आदि मौजूद रहे।

### 12 ऑटो चालक पकड़े अवैध वेंडर बताकर छोड़े

बरेली, अमृत विचार : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने बीते शुक्रवार को जंक्शन पर अवैध वेंडर्स के खिलाफ कार्रवाई का दावा किया। इस दौरान जंक्शन के सर्कुलेटिंग एरिया से 12 ऑटो और टेंपो चालकों को पकड़ा गया। हालांकि, इन चालकों को अवैध वेंडर दर्शाते हुए बाद में थाने से कच्ची जमानत पर छोड़ दिया गया। जिससे कार्रवाई की मंशा पर सवाल उठ रहे हैं।

### एडवोकेट को ऑफीसर ऑफ द कोर्ट के तहत सम्मान मिलेगा

विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार : एडवोकेट बार एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को प्रभारी जिला जज विजेन्द्र त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपकर वकीलों व न्यायिक अधिकारियों के बीच सामंजस्य बनाए रखने पर वार्ता की। सचिव गौरव सिंह राठौर ने बताया कि विधि व्यवसायरत अधिवक्ताओं के व्यवसाय में सुगमता और सहजता बनी रहे, इस पर भी चर्चा हुई। प्रभारी जिला जज ने आश्वस्त किया कि एक अच्छे वातावरण में एडवोकेट को ऑफीसर ऑफ द कोर्ट के अंतर्गत सम्मान मिलेगा। कभी कोई। प्रतिनिधि मण्डल में अध्यक्ष अनिल द्विवेदी, संस्थापक सदस्य अंगन सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेर सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप यादव आदि मौजूद रहे।

### कटरा चांद खां में सरकारी भूमि कब्जा मुक्त कराई

- शिकायत पर नगर निगम टीम ने की कार्रवाई

बरेली, अमृत विचार : कटरा चांद खां इलाके में शनिवार को नगर निगम की टीम ने सरकारी भूमि कब्जा मुक्त कराई। यहां निगम की बेशकीमती जमीन पर अवैध रूप से दो पक्की दुकान बनाकर कब्जा कर लिया गया था। शिकायत मिलने के बाद निगम प्रशासन हरकत में आया। नगर आयुक्त के निर्देश पर आरआई टिंकू सिंह, आरआई सच्चिदानंद सिंह और मानचित्रकार रविंद्र कुमार की टीम ने दोनों दुकानों को सील कर दिया। इस दौरान प्रवर्तन दल के कमांडो सीबी जोशी आदि मौजूद रहे।

# नोटिस तो ठीक पर ये भी बताएं टूटेगा कितना हिस्सा

## जिला व्यापार बंधु की बैठक में व्यापारियों ने कहा, नगर निगम ने यह स्पष्ट नहीं किया कि कितनी जगह अतिक्रमण में मानी गई

बरेली, अमृत विचार : जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक में शनिवार को सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत कोहाड़ापीर चौराहे से नैनीताल व प्रेमनगर चौराहे मार्ग पर दुकानदारों को दिए गए नोटिस का मुद्दा जोरशोर से उठाया गया। व्यापारियों ने कहा कि नोटिस में यह स्पष्ट नहीं किया है कि दुकानों का कितना हिस्सा अतिक्रमण में आ रहा है। 1920 के नक्शे के आधार पर सड़क 27 मीटर चौड़ाई मानकर नोटिस जारी करने की बात गलत ठहराई।

अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे की अध्यक्षता में शनिवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक में व्यापारियों ने विभिन्न समस्याएं उठाईं। लोक निर्माण विभाग की ओर से कई महत्वपूर्ण स्थानों पर साइनेज बोर्ड न लगाने का मुद्दा उठाया। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से आवश्यक स्थानों पर साइनेज बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। एक व्यापारी ने नगर निगम की ओर से दुकानों पर लगाए गए नोटिस को लेकर आपत्ति जताई। सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत कोहाड़ापीर से कुदेशिया फाटक तक बन रही लगभग 18 मीटर चौड़ी सड़क का मुद्दा भी उठाया गया। अपर जिलाधिकारी नगर ने नगर निगम को प्रकरण की पुनः जांच कर नियमानुसार उचित कार्रवाई करने को कहा।




बैठक में मौजूद व्यापारी व अफसर। ● अमृत विचार

### लाल निशान पर रार-तकरार, अब 22 अप्रैल को होगा फैसला

बरेली, अमृत विचार : कोहाड़ापीर चौक से नैनीताल रोड पर सड़क चौड़ीकरण के लिए 400 से अधिक भवनों पर लगाए गए 'लाल निशानों' ने व्यापारियों की रातों की नींद उड़ा दी है। इस गतिरोध को खत्म करने के लिए अब नगर निगम, बीडीए व व्यापारियों के बीच 22 अप्रैल को निर्णायक संयुक्त बैठक होगी। इसके बाद साफ होगा कि कौन सा निर्माण जायज है और कौन सा अवैध। फिर बुलडोजर की कार्रवाई शुरू होगी। दरअसल, सीएम ग्रिड योजना के तहत चल रहे कार्य में विवाद की मुख्य जड़ नगर निगम का वह 100 साल पुराना नक्शा है, जिसे आधार बनाकर लाल निशान लगाए गए हैं। रुहेलखंड उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार मेहरोत्रा, दिनेश चंद्र सक्सेना आदि व्यापारियों ने बीते दिनों इस संबंध में डीएम, बीडीए वीसी और नगर आयुक्त से शिकायत की थी। इसके अलावा वन मंत्री डा. अरुण कुमार से कैंप कार्यालय पर भेंट की थी। उनका कहना था कि 1920 में यह इलाका महज एक जंगल था। इस क्षेत्र का वास्तविक शहरी विकास 1985 के बाद हुआ है और उनके पास बीडीए से स्वीकृत वैध नक्शे मौजूद हैं। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य का कहना है कि व्यापारियों की शंकाओं को दूर करने के लिए संयुक्त बैठक होगी।

### मेयर से कहा-कलम-दवात प्रतीक चिह्न को न हटाया जाए



बरेली, अमृत विचार : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष मुकेश सक्सेना के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने मेयर उमेश गौतम को ज्ञापन दिया। पदाधिकारियों ने कहा कि कोहाड़ापीर तिराहा स्थित कायस्थ समाज के प्रतीक चिन्ह 'कलम-दवात' को स्थानांतरित न किया जाए। सुधीर मोहन, राजेश सक्सेना, श्यामदीप सक्सेना, अतुल सक्सेना, अमित आनंद, अंश सक्सेना, अक्षय बिसारिया, सुधीर महान, अभिषेक सक्सेना, सक्षम महान, रजनीश कुमार आदि मौजूद रहे।

### दांतों की अच्छी सेहत के लिए सही टूथब्रश का चयन बेहद जरूरी

बरेली, अमृत विचार : दांतों की अच्छी सेहत के लिए सही टूथब्रश का चयन बेहद जरूरी है। इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज (आईडीएस) के दंत विशेषज्ञ डा. अंशुल के अनुसार सबसे बेहतर टूथब्रश वही होता है जिसके ब्रिसल्स (रेशे) सॉफ्ट यानी नरम हों, क्योंकि हार्ड ब्रश मसूड़ों को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जबकि सॉफ्ट ब्रश सुरक्षित तरीके से प्लाक साफ करते हैं। ब्रश का हेड छोटा होना चाहिए, ताकि वह मुंह के हर हिस्से, खासकर पीछे के दांतों तक आसानी से पहुंच सके। साथ ही हैंडल ऐसा हो जो पकड़ने में आरामदायक हो और ब्रश करते समय फिसले नहीं। दिन में दो बार, कम से कम दो मिनट तक हल्के हाथों से गोल-गोल घुमाकर ब्रश करना चाहिए।

# जिहादी व अवैध कब्जों को लेकर सड़कों पर हिन्दू संगठन

- सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में जुटे कार्यकर्ता
- कलेक्ट्रेट तक मार्च निकालकर दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता बरेली

अमृत विचारः जमीनों पर अवैध कब्जे, जिहाद के षडयंत्रों को जलेकर विहिप, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। हिन्दूवादी पहले सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में जुटे और कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकालकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।




पैदल मार्च निकालते विहिप, बजरंग दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

हिन्दू संगठनों ने जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कई मांग रखीं। कहा गया कि देश के सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने वाली जिहादी मानसिकता सुरक्षा और सद्भाव के लिए बड़ा खतरा बन गई है। विभिन्न मामलों में पुरुषों के साथ महिलाएं भी जिहादी कार्यों में संलिप्त पाई गईं हैं लव जिहाद का जाल सुशिक्षित समाज और व्यावसायिक क्षेत्रों तक फैल चुका है। उत्तर प्रदेश के जिहादी छांगुर उर्फ जमालुद्दीन ओर उसकी महिला सहयोगी नसरीन ने कई हिन्दू बेटियों का शारीरिक शोषण कर ब्लैकमेल ओर जबरन धर्मांतरण कराया। दिल्ली लाल किले ब्लास्ट में भी अल फ्लाह यूनिवर्सिटी से जुड़े जिहादी मानसिकता के डॉक्टरों ने बम ब्लास्ट किया, जिसमें महिला डॉक्टर शाहीन भी शामिल थी। विभिन्न नगरों में वन भूमि, सार्वजनिक भूमि, रेल विभाग एवं सेना की सुरक्षित भूमि पर सुनियोजित तरीके से अवैध कब्जे किए जा रहे हैं, जो सीधे तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा को चुनौती है। समाज में वैमनस्य फैलाने के उद्देश्य से खान-पान की वस्तुओं को अपवित्र करने की घटनाएं निरंतर सामने आ रही हैं। पदाधिकारियों ने आपराधिक मानसिकता वाले तत्वों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध त्वरित एवं कठोर कार्रवाई की मांग की। सार्वजनिक एवं सरकारी भूमि पर हुए अवैध कब्जों को तत्काल हटाने की मांग उठाई। लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण जैसे कृत्यों को रोकने को केंद्रीय कानून लागू करने का मुद्दा उठाया। विरोध प्रदर्शन में संगठन की दृष्टि से बरेली महानगर, बहेड़ी एवं आंवला जिले के कार्यकर्ता शामिल हुए। विहिप के विभाग मंत्री मानवेंद्र सिंह राणा, विभाग संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह सोम, महानगर मंत्री संजय शुक्ला, अविनाश मिश्रा, संजय भदौरिया एवं बाबूराम गंगवार ने सभा को संबोधित किया। नीरज चौरसिया, राजेंद्र कन्नौजिया, आशू अग्रवाल, अविनाश मिश्रा आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

# देशव्यापी आह्वान पर बैंक कर्मियों का विरोध-प्रदर्शन



बांह में काली पट्टी बांधकर विरोध जताते बैंक कर्मी और अफसर। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के देशव्यापी आह्वान पर शनिवार को विभिन्न बैंकों की शाखाओं में अधिकारियों और कर्मचारियों ने काले फीते बांधकर विरोध-प्रदर्शन किया। कर्मचारियों की लंबित एवं न्यायोचित मांगों का समर्थन किया।

जिला संयोजक नवींद्र कुमार ने बताया कि यह विरोध शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से किया जा रहा है। आने वाले दिनों में कर्मचारी काले बैज और काले वस्त्र धारण कर आंदोलन को और प्रभावी बनाएंगे। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगों में पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करना, परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) में भेदभाव समाप्त करना और नई भर्तियां शुरू करना शामिल है। यूएफबीयू के उपाध्यक्ष संतोष तिवारी ने कहा कि विरोध प्रदर्शन के जरिये एकजुटता का परिचय दिया गया।

## लाउडस्पीकर चेकिंग अभियान तेज, 34 स्थानों से यंत्र हटाए

- 162 की आवाज कम कराई गई, आगे भी रखी जाएगी नजर

बरेली, अमृत विचारः एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देशन में जनपद में ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाउडस्पीकर) के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शनिवार को व्यापक स्तर पर कार्रवाई की गई। यह अभियान प्रत्येक शनिवार को प्रातः 5 बजे से 7 बजे तक संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण और शासन द्वारा निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करना है। सघन चेकिंग अभियान में सभी थानों की पुलिस कार्रवाई में जुटी नजर आई। 264 स्थानों पर हुई चेकिंग, नियम उल्लंघन पर कार्रवाई भी की गई। 264 स्थानों पर चेकिंग के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 34 स्थानों से लाउडस्पीकर उतरवाए गए। 21 थानों के निरीक्षक अपराध एवं वरिष्ठ उपनिरीक्षकों द्वारा 467 स्थानों पर चेकिंग की गई। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के मानक से अधिक आवाज पाए जाने पर 162 स्थानों पर ध्वनि को नियंत्रित कर निर्धारित मानकों के अनुरूप कराया गया।

# टीबी की जांच को अब देहात में हैंड हेल्ड एक्स-रे



रहपुरा गनीमत गांव में जांच करती टीम। ● अमृत विचार

- 24 मार्च से जिले में चल रहा 100 दिवसीय विशेष अभियान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : टीबी जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से गांव-गांव जाकर हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीनों से ग्रामीणों की जांच की जा रही है। क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में 24 मार्च से 100 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सीएमओ ने आमजन से इस अभियान में सहयोग करने की अपील की है।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. इंतजार हुसैन ने कहा कि जागरूकता अभियान के लिए राज्य स्तर से उच्च जोखिम वाले गांव की सूची निर्धारित करके भेजी गई है। वह सूची सभी ब्लॉक को उपलब्ध करा दी गई है। इन गांवों में छह हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीनों से एक्स-रे किए जा रहे हैं। बलगम के सैंपल भी जांच के लिए लिए जा रहे हैं। कैंप में अन्य जांच भी की जा रही हैं। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने कहा कि 100 दिवसीय सघन अभियान को सफल बनाने के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है।

### कारागार, वृद्धाश्रम में में भी लग रहे कैंप

जिला क्षय रोग अधिकारी के अनुसार कारागार में निरुद्ध कैदी, वृद्धाश्रम व रैन बसेरों और आवासीय स्कूलों में भी टीबी जांच के लिए कैंप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, अधीक्षक, एनटीईपी स्टाफ, मेडिकल ऑफिसर, सीएचओ, एएनएम व आशाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

## सीबीजी प्लांट पर पहुंचे डीएम, चौकी खोलने के निर्देश

बरेली, अमृत विचारः डीएम अविनाश सिंह ने तहसील फरीदपुर के ग्राम सिमरा केशवपुर में बीपीसीएल की ओर से लगाए जा रहे सीबीजी प्लांट का निरीक्षण किया। डीएम ने देखा कि प्लांट को जाने वाला रास्ता वाहनों के आवागमन की दृष्टि से सुविधाजनक नहीं है, जिस पर डीएम ने तहसीलदार फरीदपुर को निर्देश दिए कि उक्त मार्ग की पैमाइश कराकर मनरेगा आदि के माध्यम से मिट्टी डलवा कर सही कराएं, जिससे निर्माण कार्य की सामग्री लेकर आने वाले ट्रैकों के आवागमन में असुविधा न हो। डीएनिर्देश दिए कि प्लांट में क्षेत्रीय कार्मिकों को प्राथमिकता देते हुए उनकी योग्यता के अनुसार सभी को नौकरी के समान अवसर दें, इसमें किसी व्यक्ति विशेष या गुट के व्यक्तियों को न रखें, जिससे बदायूं जैसी घटना होने की आशंका न बनी रहे। जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत प्लांट के समीप भूमि चयनित कर पुलिस चौकी स्थापित कराने के भी निर्देश दिए। डीएम और पुलिस अधीक्षक उत्तरी ने प्लांट प्रांगण में पौध रोपण भी किया। तहसीलदार फरीदपुर सहित प्लांट के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सिटी डायरी

### 'कांग्रेस व सहयोगियों के व्यवहार की कसक हर नारी के मन में रहेगी'



बरेली, अमृत विचार : भाजपा महानगर के पदाधिकारियों ने शनिवार देर शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के नाम दिए संबोधन को सुना। भाजपा कार्यालय में टेलीविजन पर मोदी को सुनने के बाद पदाधिकारियों ने कहा कि महिला आरक्षण पर संसद में कांग्रेस और उसके सहयोगियों के व्यवहार की कसक हर नारी के मन में हमेशा रहेगी। महानगर महामंत्री विष्णु शर्मा, राजीव साहनी, उपाध्यक्ष तृप्ति गुप्ता, राजकिशोर कश्यप, रामचंद्र मौर्य, मंत्री अजय चौहान, मंजीत नागपाल, नरेंद्र मौर्य, हरीश बाबू, पुष्पेंद्र शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा महानगर के उपाध्यक्षों का भव्य स्वागत किया



बरेली, अमृत विचार : बांस मंडी चौराहा स्थित साजिद बैग के निवास पर हिंदुस्तानी पसमांदा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष शारिक अब्बासी के नेतृत्व में पसमांदा समाज ने भाजपा महानगर के नवनियुक्त उपाध्यक्ष विभु शर्मा, वैभव एवं राजकिशोर कश्यप का स्वागत किया। इस दौरान शारिक अब्बासी ने विचार रखे। महानगर उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अफजाल अंसारी, मोनू गुप्ता, आलम, शब्बू, शोएब, नूरुद्दीन, शानू, जुबेर, साजिद, हसीब अंसारी, आसिफ, फुरकान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### मेयर ने मिरासा वेलनेस सेंटर का उद्घाटन किया

बरेली, अमृत विचार : मिरासा आयुर्वेद ने शनिवार को बरेली में अपने अत्याधुनिक पंचकर्म एवं वेलनेस सेंटर की शुरुआत की। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने इसका औपचारिक उद्घाटन किया। यहां तीव्र और दीर्घकालिक बीमारियों के उपचार के लिए पंचकर्म थेरेपी, व्यक्तिगत उपचार योजना और योग आधारित वेलनेस प्रोग्राम उपलब्ध कराए जाएंगे। मिरासा आयुर्वेद के निदेशक डॉ. मंदीप सिंह बासु ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा को केवल लक्षणों के उपचार तक सीमित नहीं रखा जा सकता।



### कांग्रेस पिछड़ा वर्ग का सामाजिक न्याय भागीदारी सम्मेलन आज



बरेली, अमृत विचार : कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग की ओर से रविवार को आईएमए हॉल में सामाजिक न्याय भागीदारी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में प्रेमनगर धर्मकांटा चौराहे स्थित कार्यालय पर शनिवार को प्रेसवार्ता कर पूर्व विधायक मास्टर छोटे लाल गंगवार ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा जातिगत जनगणना की मांग और ओबीसी, एससी को आबादी के अनुरूप सरकारी नौकरी व लोकतांत्रिक चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित कराना न्यायोचित है। सम्मेलन में कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. अनिल जयहिंद, प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव, सीतापुर सांसद राकेश कुमार राठौर, विधायक वीरेन्द्र सिंह चौधरी, पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा आदि शामिल होंगे।

**मुश्किल** | मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने तकनीकी टीम को जल्द कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

# निगम का पोर्टल 27 तक बंद, टैक्स भुगतान ठप

- 1.70 लाख करदाता मुश्किल में, हाउस टैक्स से लेकर ट्रेड लाइसेंस तक के सारे काम अटके
- 28 अप्रैल से नए बिलों के साथ शुरू होगी ऑनलाइन सेवाएं, मई से नई एजेंसी संभालेगी जिम्मा

कार्यालय संवाददाता, बरेली




अमृत विचार : नए वित्तीय वर्ष के आगाज के साथ ही नगर निगम ने अपने डिजिटल सिस्टम की अपडेट करना शुरू करा दिया है। डेटा अपडेट और सॉफ्टवेयर मेंटेनेंस के चलते संपत्ति कर पोर्टल 27 अप्रैल तक के लिए पूरी तरह बंद कर दिया गया है। इससे शहर के करीब 1.70 लाख करदाताओं के सामने मुश्किल खड़ी हो गई है।

पोर्टल बंद होने से न केवल हाउस टैक्स, बल्कि सीवर और वाटर यूजर चार्ज का भुगतान भी पूरी तरह ठप है। नगर निगम, फिलहाल नए वित्तीय वर्ष की टैक्स डिमांड फाइल तैयार करने में जुटा है, ताकि 28 अप्रैल से जब पोर्टल दोबारा खुले, तो करदाताओं को नए बिल के आधार पर भुगतान की सुविधा मिल सके।

अधिकारियों के मुताबिक पोर्टल के साथ-साथ नगर निगम की आधिकारिक वेबसाइट भी मेंटेनेंस की भेंट चढ़ गई है। इसके चलते 10 अप्रैल तक होल्डिंग टैक्स और ट्रेड लाइसेंस से जुड़े सभी कार्य ठप रहेंगे। व्यापारी न तो नए लाइसेंस के लिए आवेदन कर पा रहे हैं और न ही पुराने लाइसेंस का नवीनीकरण संभव हो पा रहा है। इस बीच, नगर निगम टैक्स वसूली के लिए नई एजेंसी के चयन की प्रक्रिया में भी लगा है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने बताया कि बैंक और तकनीकी टीम को जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि 27 अप्रैल के बाद जनता को सुचारू डिजिटल सेवाएं मिल सकें।

### नए सत्र में डिजिटल भुगतान पर विशेष लाभ

नए वित्तीय सत्र 2026-27 में बकाया करदाताओं को राहत देने के लिए निगम ने खास योजना तैयार की है, प्रस्ताव 27 अप्रैल की बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। अप्रैल से जून के बीच डिजिटल भुगतान करने पर 11 प्रतिशत और नकद जमा करने पर 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। 1 जुलाई से 30 अगस्त के बीच डिजिटल भुगतान पर 7 .5 प्रतिशत और नकद पर 5 प्रतिशत की राहत दी जाएगी।

## सिटी ब्रीफ

### बरेली कॉलेज के डॉ. अनूप कुमार बने वाणिज्य संकाय के डीन

बरेली, अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति के निर्देश पर बरेली कॉलेज के प्रो. अनूप कुमार को विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय का डीन बनाया गया है। कुलसचिव हरीश चंद की ओर से जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि यह आदेश 31 मार्च 2029 तक या अधिवर्षिता आयु पूरी होने तक लागू रहेगा।

### पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. महेश ने कार्यभार ग्रहण किया



बरेली, अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय में शनिवार को नवनियुक्त पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. महेश सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया। यह पहली बार है जब केंद्रीय पुस्तकालय में पूर्णकालिक पुस्तकालय अध्यक्ष की नियुक्ति की गई है। उप पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर डॉ. विनीता जैन की नियुक्ति की गई है। प्रो. संजय मिश्रा, डॉ. सुभाष चन्द्र आदि ने उनका स्वागत किया।

### डॉ. विनीता जैन आईआरएनएस कोऑर्डिनेटर नामित


बरेली, अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में डॉ. विनीता जैन उप पुस्तकालय अध्यक्ष (केन्द्रीय पुस्तकालय) को आईआरआईएनएस (इंडियन रिसर्च इंफॉर्मेशन नेटवर्क सिस्टम) कोऑर्डिनेटर नामित किया गया है। यह आदेश विश्वविद्यालय के कुलपति के निर्देश पर 16 अप्रैल को जारी किया गया। विश्वविद्यालय के शिक्षकों और शोधार्थियों के आईआरआईएनएस अकाउंट पंजीकरण की जिम्मेदारी अब डॉ. विनीता जैन को सौंपी गई।

# हस्ताक्षर अभियान से महिला शक्ति का संदेश

## फैकल्टी ऑफ एलाइड एंड हेल्थ केयर साइंसेज में हुआ कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ एलाइड एंड हेल्थ केयर साइंसेज की ओर से नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए शनिवार को हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें समाज में महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा एवं समानता के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों ने नारी सम्मान, समान अधिकार एवं महिला सशक्तिकरण के समर्थन में हस्ताक्षर कर एकजुटता का संदेश दिया। संकाय सदस्य मुस्कान मलिक, सुजाता कटियार, गुलफशां सैफी, उपासना यादव, अकादमिक इंचार्ज डॉ. अमरनाथ और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अंकित कुमार मौजूद रहे। संस्थान के प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि अभियान समाज में जागरूकता लाने का प्रभावी माध्यम है। कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने इस पहल की सराहना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं।



कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं। ● अमृत विचार



गोष्ठी में बोलतीं वक्ता व मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार


## नारी शक्ति वंदन पर गोष्ठी और संवाद

बरेली, अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास एवं संस्कृति विभाग की तरफ से शनिवार को नारी शक्ति वंदन पर विचार गोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम हुआ। संकायाध्यक्ष डॉ. विजय बहादुर सिंह यादव ने विद्यार्थियों को प्रेरक संबोधन दिया। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रिया सक्सेना ने कहा कि नारी ने वेदों की रचना से लेकर शासन और संविधान निर्माण तक महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. रुचि द्विवेदी ने प्रतिभागियों के विचारों की सराहना की। प्रतियोगिता में एमए प्रथम वर्ष की छात्रा श्रद्धा शर्मा प्रथम, शिवानी कश्यप और परिणीता सिंह संयुक्त रूप से द्वितीय व जूली शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। डॉ. पवन कुमार सिंह, डॉ. आलोक कुमार, डॉ. पिंकी गुप्ता, डॉ. मोहित मिश्रा, डॉ. पिंकी गुप्ता, डॉ. मोहित मिश्रा मौजूद रहे।

# एसआर व विद्या वर्ल्ड ने जीते मैच

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सेवन के चौथे दिन शनिवार को ग्रुप- ए की टीम एसआर इंटरनेशनल और सेक्रेड हार्ट्स के बीच मैच हुआ।

इसमें एसआर इंटरनेशनल ने 17 रन से सेक्रेड हार्ट्स को मात दी। जबकि ग्रुप- डी में हरित पब्लिक स्कूल और विद्या वर्ल्ड स्कूल के बीच मैच हुआ। विद्या वर्ल्ड ने हरित पब्लिक स्कूल को 171 रन के बड़े अंतर से पराजित किया। सातवें मैच में एसआर इंटरनेशनल के कप्तान अभिमन्यु श्रीवास्तव ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजों ने 4 विकेट के नुकसान पर 160 रन बनाए। सेक्रेड हार्ट्स की टीम ने अच्छा खेलना शुरू किया लेकिन खिलाड़ियों के बीच अच्छी साझेदारी न होने से टीम 9 विकेट खोकर 143 रन ही बना सकी। नतीजा एसआर इंटरनेशनल ने 17 रन से मैच अपने नाम किया। एसआरएमएस सीईटी के प्रिंसिपल डा.प्रभाकर गुप्ता, डा.शोभित सक्सेना, डा.अनुज सक्सेना, शंकर पाल, यूसुफ अंसारी मौजूद रहे।




विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। ● अमृत विचार

## खिलाड़ियों जीते आठ पदक



बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश ओपन स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2026 में बरेली के विद्या वर्ल्ड स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर 8 पदक अपने नाम किए। यह प्रतियोगिता 15 से 18 अप्रैल तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में आयोजित हुई। जिसमें 700 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। विद्यालय के उत्कर्ष गंगवार, प्रांजल गंगवार ने रजत, अर्नव गंगवार व आदित्य भारद्वाज ने कांस्य, अर्गिम गौतम व राहुल सिंह ने स्वर्ण, वशिष्ठ द्विवेदी ने रजत, शुभ बिसारिया ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों ने सफलता का श्रेय प्रशिक्षक शलभ अग्रवाल को दिया। विद्यालय प्रबंधक रवि प्रकाश अग्रवाल, डॉ. योहान कुंवर व उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के महासचिव अनिल कुमार ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## छात्र मोहम्मद इनाम ने बढ़ाया रुविवि का मान


बरेली, अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन विभाग के छात्र मोहम्मद इनाम खान ने विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई उपलब्धियां हासिल की हैं। मोहम्मद इनाम खान ने नवंबर 2024 में आयोजित राज्य स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने विश्वविद्यालय एवं कुलपति प्रो. केपी सिंह ने छात्र को बधाई दी है। वहीं, विभागाध्यक्ष प्रो. तुलिका सक्सेना ने छात्र को सम्मानित किया है।

## एलएलबी समेत कई पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्म कल से भरे जाएंगे

बरेली, अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय कैंपस व संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित एलएलबी तीन वर्षीय, पांच वर्षीय, एलएलएम के द्वितीय सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा फार्म 20 अप्रैल से भरे जाएंगे। बीबीए पुराना पाठ्यक्रम, बीलिब, एमलिब, एमएस डब्लू, पीजीडीसीए, बीकॉम, बीएससी कृषि, बीएससी कृषि ऑनर्स, एमएससी कृषि पाठ्यक्रमों के शैक्षणिक सत्र 2025-26 के सम सेमेस्टर के मुख्य-भूतपूर्व एवं बैंक परीक्षा द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षाफार्म 20 अप्रैल से उपलब्ध होंगे। द्वितीय सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा के आवेदन पत्र बेवसाइट पर व द्वितीय सेमेस्टर की बैक परीक्षा एवं चतुर्थ, षष्ठ्म, अष्टम एवं दशम सेमेस्टर के संस्थागत बैक परीक्षा वर्ष 2026 के आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल व आवेदन पत्र विभाग में जमा करने की अंतिम तिथि दो मई है।

## नई सोच, नए सरोकार

# स्कूलों में टीचर-स्टूडेंट सब पढ़ रहे अमृत विचार



### महामाया विहार पब्लिक स्कूल

बरेली : डोहरा लालपुर रोड स्थित महामाया विहार पब्लिक स्कूल में शनिवार की सुबह को अमृत विचार की टीम पहुंची। टीम का नेतृत्व रुपेन्द्र मौर्य ने किया। उनके साथ अनुपम सक्सेना, रामाश्रय गुप्ता भी मौजूद रहे। अमृत विचार की टीम ने स्कूली छात्रों को अखबार प्रकाशित होने की जानकारी दी। कक्षा 12 की छात्रा प्रेमलता ने अमृत विचार समाचार पत्र प्रार्थना सभा में पढ़कर सुनाया। जिससे छात्र-छात्राओं में पढ़ने की प्रवत्ति जागृत हुई। कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए स्कूल के प्रधानाचार्य रामपाल सिंह, सहयोगी शिक्षक, शिक्षिकाओं कपिल मिश्रा, तिलक शील गौतम, विपिन दुबे, राजकुमार, अमित कुमार, वीरेश कुमार मिश्रा, वीरेश पाल मौर्य, आयुषी जोशी, रुचि पाठक, जय प्रकाश भारती, अमन पॉल आदि का सहयोग रहा।



महामाया विहार पब्लिक स्कूल अमृत विचार समाचार पत्र को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अमृत विचार की टीम का स्कूल में आना छात्र- छात्राओं को पढ़ने के लिए प्रेरित करना, जिससे वह अपना समय अध्ययन में लगा सके। -**रामपाल सिंह**, प्रधानाचार्य



### राधेलाल कंठीराम सरस्वती विद्या मंदिर

बरेली : शहर के गांधीनगर स्थित राधेलाल कंठीराम सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को प्रार्थना स्थल पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने समाचार पत्र अमृत विचार का पाठन कार्य किया। इसके अलावा इसे अपने दैनिक जीवन में नियमित करने का संकल्प लिया। इस मौके पर छात्र सिद्धार्थ पाल ने सभी छात्र-छात्राओं को अखबार पढ़कर सुनाया। इसके अलावा सामाजिक विषय वस्तु और सामान्य ज्ञान की जानकारी के समाचार को प्रमुखता से अन्य छात्रों के सामने रखा। विद्यालय के व्यवस्थापक ज्ञानेन्द्र प्रकाश गुप्ता, ऋषिपाल सिंह, राकेश कुमार, नेहा ने भी अखबार को और अधिक उपयोगी बनाने पर विचार व्यक्त किए। इस मौके पर छात्र मौलिक, लव बहादुर, आकाश कुमार, गौतम कुमार, अश्रुत शर्मा, अभिनव आर्या, कार्तिक भास्कर, क्रशिश, प्रियांशी, पारो समेत अन्य छात्रों ने अखबार का पाठन करके इसे दैनिक दिनचर्या का अंग बनाने का फैसला लिया।



अखबार छात्र जीवन में अहम स्थान रखता है। इससे ज्ञानवर्धक सामग्री मिलती है। सम्पादकीय में तथ्यपूर्ण जानकारी मिलती है। क्योंकि इसमें विद्वुत और अनुभवी लेखकों द्वारा खोजकर उचित सामग्री का संकलन कर अपने शब्दों में पिरोकर लेख के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। अमृत विचार की यह एक्टिविटी छात्रों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगी।
**भगवान शरण शर्मा**, प्रधानाचार्य

अगर आप भी जुड़ना चाहते हैं इस मुहिम से तो संपर्क करें - editorschoice@amritvichar.com

## सिटी डायरी

### केक काटकर मनाया कन्या जन्मोत्सव



बरेली, अमृत विचार : बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिला महिला अस्पताल में शनिवार को केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान ने नवजात बच्चियों के माता-पिता को हिमालया बेबी किट देकर शुभकामनाएं दीं। वहीं उन्होंने श्री गंगा चरण आर्यवर्धन अस्पताल के चंद्रकांता सभागार में गंगा शील महाविद्यालय की ओर से आयोजित महिला चित्रकारों की समूह प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। राज्य महिला आयोग सदस्य पुष्पा पांडे, भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा, डॉ. शशि बाला राठी, नवल किशोर गुप्ता, तृप्ति गुप्ता, नीलम जेठा, मंगलेश सक्सेना, नंदा अग्रवाल, रोहित राकेश आदि मौजूद रहे।

### सेक्रेड हार्टस स्कूल में हुआ इन्वेस्टीचर समारोह




बरेली, अमृत विचार : सेक्रेड हार्टस स्कूल में शनिवार को इन्वेस्टीचर समारोह का आयोजन हुआ। वैभव गंगवार को हेड बॉय और ज्ञानवी गुप्ता को हेड गर्ल नियुक्त किया गया। अनुशासन प्रभारी के रूप में आराध्या और युक्ता चड्ढा को जिम्मेदारी दी गई। स्पोर्टस कप्तानके रूप में अनमोल पांडे और सांची मिश्रा को मशाल सौंपी गई। विद्यालय की निदेशक राधा सिंह ने सभी पदाधिकारियों को सैश पहनाए। कार्यकारी निदेशक निर्भय बेनीवाल ने बैज प्रदान कर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य डा. उर्मिला वाजपेई ने आभार व्यक्त किया।



### मथुरा में डॉ. हितु मिश्रा के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

बरेली, अमृत विचार : मथुरा स्थित दीनदयाल कामधेनु गोशाला एवं गो अनुसंधान केंद्र में भव्य रामकथा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक रहे। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी डॉ कैलाशानंद महाराज ने रामकथा का भावपूर्ण वाचन किया। सांस्कृतिक संध्या में संस्कृति विभाग की ओर से बरेली की डॉ. हितु मिश्रा व अनुकृति अनुश्रुति ने श्रीराम, श्रीकृष्ण एवं गोमाता पर आधारित भजनों की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।

### फायर सेफ्टी वीक पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम




बरेली, अमृत विचार : फायर सेफ्टी वीक के तहत विद्या वर्ल्ड स्कूल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों को आग लगने की स्थिति में सतर्क रहने और सुरक्षित बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। जीओ-बीपी कंपनी के सहयोग से अग्निशमन विभाग की टीम ने छात्रों को अहम जानकारी दी। आग से बचाव के व्यावहारिक तरीके प्रदर्शित किए गए। अग्निशमन उपकरणों के उपयोग के बारे में भी बताया गया। स्कूल डायरेक्टर रवि प्रकाश अग्रवाल, प्रधानाचार्य डॉ. योहान कुंवर, उप-प्रधानाचार्या डॉ. संयोगिता चौधरी, विपिन भास्कर, साध्वी राय आदि मौजूद रहे।

# भगवान परशुराम त्याग व न्याय के प्रतीक

बरेली, अमृत विचार : प्रेम सुरेश फाउंडेशन की ओर से भगवान परशुराम जयंती की पूर्व संध्या पर शनिवार को विचार गोष्ठी आयोजित की गयी। जिसका शुभारंभ फाउंडेशन के अध्यक्ष साकेत सुधांशु शर्मा एवं महासचिव अंजलि शर्मा ने किया।

साकेत सुधांशु शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम त्याग, तपस्या और न्याय के प्रतीक हैं। उषा शर्मा, ज्योति पाठक, नेहा शर्मा, सुनील शर्मा, अमित अवस्थी, शिवांगी शुक्ला, कोमल, पंकज कुमार, सर्वेश कुमार, ज्योति, राधिका पाठक, मोहनस्वरूप, पल्लवी, रेणु, प्रदीप, सचिन शर्मा, सरिता देवी शर्मा, अंजू, शिवानी पांडे, सुरेंद्र, अतुल शर्मा आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

# परशुराम जन्मोत्सव पर निकलेगी शोभायात्रा



कार्यक्रम की जानकारी देते आयोजक। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर 20 अप्रैल को परशुराम युवा मंच की तरफ से 24 वीं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। मुख्य अतिथि अयोध्या के हनुमानगढ़ी के महंत बलराम दास महाराज होंगे, जबकि शिवानंद महाराज और आचार्य संजीव गौड़ भी उपस्थित रहेंगे। दोपहर 2 बजे तुलसी स्थल, अलखनाथ बाबा मंदिर के निकट रुद्राभिषेक होगा। परशुराम युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## संगोष्ठी का हुआ आयोजन

बरेली, अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में शनिवार को युवाओं के लिए अभिप्रेरक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पीबी सिंह, प्रो. संजय मिश्रा, डॉ. ज्योति पाण्डेय, माधव दास ने तनाव प्रबंधन, करियर चुनौतियों और जीवन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।

# राम वन गमन प्रसंग सुनाया



बरेली, अमृत विचार : प्रभात नगर स्थित श्री सोमनाथ मंदिर में शनिवार को आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में आचार्य रमन ने व्यास गद्दी पूजन कराया। आचार्य शंभूनाथ योगी ने राम कथा का वाचन किया। कथा के दौरान राम वन गमन और भरत चरित्र का वर्णन किया।

आचार्य ने बताया कि जब माता कैकेयी ने राजा दशरथ से दो वरदान मांगकर भगवान राम को 14 वर्ष का वनवास दिलाया, तब राम ने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए वन गमन किया। इस दौरान माता सीता और लक्ष्मण भी उनके साथ चले गए। भरत के अयोध्या लौटने पर जब उन्हें इस घटना का पता चला तो वे अत्यंत दुखी हुए। राम ने धर्म का पालन करते हुए वनवास स्वीकार किया। भरत ने राम की चरण पादुका को सिंहासन पर स्थापित कर स्वयं नंदिग्राम में तपस्वी जीवन व्यतीत किया। आशुतोष गोयल, शांति प्रसाद वर्मा, ओमप्रकाश कनौजिया, ललित कुमार, रमेश चंद्र अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**आवश्यकता है**
- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया/कैंटीन कुक/कैंटीन हेल्पर
- वार्ड बॉय/वार्ड आया

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes
July 2026 session in the following disciplines

- Faculty of Medical Sciences
  (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences
  (All Specialities)
- Faculty of Management

Application Fee
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee,
visit university website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)